दिन– बुधवार दिनांक– 03/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां आज विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे।

02. जदयू के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र नारायण यादव विधानसभा के उपाध्यक्ष होंगे। आज होगी उनके निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर सेवा तीर्थ किया। बिहार राजभवन भी अब लोक भवन के नाम से जाना जायेगा।

04. और, आज अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी।

---

अठारहवीं विधानसभा के प्रथम सत्र का आज तीसरा दिन है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां विधानसभा के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे। राज्यपाल के अभिभाषण का सीधा प्रसारण आकाशवाणी पटना से सुबह ग्यारह बजकर सत्ताईस मिनट से सुना जा सकेगा। इसके अलावा कार्यक्रम का प्रसारण राज्य स्थित अन्य सभी केन्द्रों से भी रिले होगा। वहीं, कल राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी और सरकार का उत्तर भी होगा। इस कार्यक्रम को भी आकाशवाणी पटना से सजीव सुना जा सकेगा।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र नारायण यादव अठारहवीं विधानसभा के उपाध्यक्ष होंगे। विपक्ष की ओर से इस पद के लिए किसी ने भी नामांकन नहीं किया है, जिस कारण श्री यादव का निर्विरोध निर्वाचन तय है। आज उनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की जायेगी। गौरतलब है कि श्री यादव सत्रहवीं विधानसभा में भी वर्ष दो हजार चौबीस में उपाध्यक्ष बने थे। अठारहवीं विधानसभा में वे प्रोटेम स्पीकर की भूमिका में थे।

---

संसद में केन्द्र सरकार और विपक्ष के बीच दो दिन से चल रहा गतिरोध समाप्त हो गया है। दोनों पक्ष राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ और चुनावी सुधारों पर चर्चा के लिए सहमत हो गए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की अध्यक्षता में हुई बैठक में आठ दिसंबर को दोपहर बारह बजे से वंदे मातरम् पर विशेष चर्चा कराने की सहमति बनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस चर्चा की शुरुआत करने की संभावना हैं।

बैठक में नौ और दस दिसंबर को लोकसभा में चुनावी सुधारों पर दस घंटे की चर्चा आयोजित कराने का भी फैसला लिया गया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया को बताया कि संसदीय लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी दल चर्चा के लिए सहमत हो गये हैं।

———बाईट———

मीटिंग अच्छी तरह से हुई है। और सहमति हो पाया है कि मंडे को लोकसभा में वन्दे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर हम विशेष चर्चा करेंगे। उसके बाद मंगलवार को लोकसभा में इलेक्शन रिफार्म्स को लेकर हम दिन भर चर्चा करेंगे। मैं सब पार्टी के नेताओं को फिर से अपील करना चाहता हूं। हम सब चाहते हैं कि पार्लियामेंट हाउस अच्छी तरह से चले।

---

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया है कि उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्ति का विवरण अपलोड करने की अंतिम तिथि पांच दिसंबर है। सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने समय सीमा बढ़ाने की याचिका को अस्वीकार कर दिया है। श्री रिजिजू ने स्वीकार किया कि उन्हें वक्फ बोर्डों और अन्य हितधारकों से समय सीमा बढ़ाने के अनुरोध प्राप्त हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वक्फ संपत्तियों से संबंधित किसी भी शिकायत या समस्या के लिए उम्मीद पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। इससे हितधारकों को वक्फ न्यायाधिकरण से संपर्क करने की अनुमति मिलती है। श्री रिजिजू ने कहा है कि मंत्रालय पारदर्शिता, जवाबदेही और देश भर में वक्फ प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि राजभवन और राज निवास का नाम बदलकर लोकभवन और लोक निवास किया जा रहा है। उन्होंने इसे विकसित और श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। इधर, केन्द्र सरकार के निर्देश के आलोक में बिहार राजभवन अब लोक भवन के नाम से जाना जायेगा। राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल. चौंग्थू ने इस संबंध अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार राजभवन बिहार को सभी आधिकारिक उद्देश्यों के लिए तत्काल प्रभाव से बिहार लोक भवन के रूप में नामित किया गया है।

---

आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस है। विश्व स्वास्थ्य संगठन संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर प्रति वर्ष यह दिवस मनाता है। इसमें दिव्यांगजन के अधिकारों की सुरक्षा पर जोर दिया जाता है। एक रिपोर्ट–

---रिपोर्ट---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में अनुकरणीय प्रयासों के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। इधर, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी दिव्यांग भाई–बहनों को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएं देते हुये उनके सुखद भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किय जा रहे हैं।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कमी के साथ ही ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान दस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। सुबह के समय कहीं–कहीं हल्का कुहासा छाये रहने का भी पूर्वानुमान है। इधर, विभाग के अनुसार दिसम्बर महीने में प्रदेश का अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की सम्भावना है। इसके चलते पिछले वर्ष के मुकाबले इस महीने ठंड का असर कम रहेगा। इसके अलावा दिसम्बर में सामान्य से अधिक वर्षा होने का पूर्वानुमान भी व्यक्त किया गया है।

---

राज्य के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराने के मामले में बिहार देशभर में पहले स्थान पर है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार बिहार इस सूची में इक्यासी दशमलव तीन पांच अंकों के साथ शीर्ष पर है। वहीं, सतहत्तर दशमलव सात सात अंकों के साथ राजस्थान दूसरे और इकहत्तर दशमलव आठ शून्य अंकों के साथ पंजाब तीसरे स्थान पर है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी बिहार इस सूची में पहले स्थान पर था।

---

कृतज्ञ राष्ट्र आज देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की एक सौ चालीसवीं जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। मुख्य समारोह पटना में राजभवन के राजेन्द्र चौक और बांस घाट स्थित उनकी समाधि स्थल पर आयोजित किया जा रहा है, जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद के जन्म स्थान सीवान के जीरादेई में भी उनकी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पटना के

सदाकत आश्रम स्थित बिहार विद्यापीठ में भी विशेष आयोजन होगा। इधर, शिक्षा विभाग की ओर से राजेन्द्र बाबू की जयंती मेधा दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर पटना के ज्ञान भवन में मेधा दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह का उद्घाटन शिक्षा मंत्री सुनील कुमार करेंगे।

---

कोलकाता के ईडेन गार्डन में खेले गये सैयद मुश्ताक अली टी–ट्वेंटी मुकाबले में समस्तीपुर निवासी वैभव सूर्यवंशी बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंट में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गये हैं। महाराष्ट्र के खिलाफ खेले गये मुकाबले में चौदह वर्षीय वैभव ने सात छक्के और सात चौके की मदद से इकसठ गेंदों में नाबाद एक सौ आठ रन बनाकर यह कीर्तिमान स्थापित किया है। हालांकि वैभव की शानदार पारी के बावजूद टीम को मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

---

तीन मैच की एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में आज भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में यह मैच दोपहर डेढ बजे से खेला जाएगा। भारत, श्रृंखला में एक–शून्य से आगे है। रांची में खेले गये पिछले मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सत्रह रन से हराया था।

---

बिहार लोक सेवा आयोग की इकहत्तरवीं मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यर्थी आज से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि चौबीस दिसम्बर निर्धारित की गयी है। गौरतलब है कि प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम अठारह नवम्बर को जारी किया गया था, जिसमें चौदह हजार दो सौ इकसठ अभ्यर्थी सफल हुये थे।

---

निगरानी विभाग की टीम ने समस्तीपुर के दलसिंहसराय में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राकेश कुमार और लिपिक ललन कुमार को चालीस हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ये दोनों दलसिंहसराय बाजार समिति परिसर में सब्जी मंडी के अवैध निर्माण की अनुमति देने के बदले रिश्वत ले रहे थे।

---

रोहतास जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र के घनकी जामुन के पास पुलिस ने छापेमारी कर नकली नमक बनाने वाले कारोबार का उद्भेदन किया। इस संबंध में दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है। मौके से सात क्विंटल नकली नमक, पैकिंग मशीन और बड़ी मात्रा में पैकिंग सामग्री जब्त की।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बरौनी में बनेगा नया बिजली घर। एनटीपीसी ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय को सौंपा प्रस्ताव।

संचार साथी एप से जुड़ी खबर को दैनिक जागरण ने प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– यूजर कभी भी हटा सकेंगे संचार साथी एप।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर को अपनी पहली लीड बनाते हुये लिखा है– स्मार्ट फोन पर एप अनिवार्यता के सरकारी आदेश पर विपक्ष हमलावर।

प्रभात खबर लिखता है– फर्जी कागज के मामले में भोजपुरी गायक भरत शर्मा समेत तीन को दो वर्ष की सजा।

आज अखबार की सुर्खी है– रोहिंग्या शरणार्थियों पर सुप्रीम कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– जनगणना अप्रैल दो हजार छब्बीस से फरवरी दो हजार सत्ताईस के बीच दो चरणों में होगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां आज विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे।

02. जदयू के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र नारायण यादव विधानसभा के उपाध्यक्ष होंगे। आज होगी उनके निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर सेवा तीर्थ किया। बिहार राजभवन भी अब लोक भवन के नाम से जाना जायेगा।

04. और, आज अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।